प्रश्नपत्र संख्या
18 05 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2018-19

विद्यालय का नाम – ..........................................

प्रतियोगी का नाम – .............................. ह० .............. अनुक्रमांक – ..............

**कुल समय: 1 घंटा** | **कक्षा-पाँच** | **कुल अंक: 100**

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में भरिए।
2) एक उत्तर के लिए दो गोले भरने व गलत उत्तर देने पर नकारात्मक (-1) अंक दिए जाएँगे।
3) प्रत्येक प्रश्न 2½ अंक का है।
4) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

**सभी प्रश्नों के उत्तर केवल ओ.एम.आर. (OMR) उत्तर-पत्रिका में ही भरने हैं। प्रश्न पत्र में नहीं।**

**प्रश्न 1. किसी भाषा के ध्वनि चिह्नों को कहते हैं–**

(क) लिपि (ख) व्याकरण (ग) वर्ण

**प्रश्न 2. मात्राओं का प्रयोग किसे दर्शाता है–**

(क) वर्ण (ख) व्यंजन (ग) स्वर

**प्रश्न 3. इनमें से संयुक्त व्यंजन वाला शब्द नहीं है–**

(क) प्रतीक्षा (ख) ज्ञानी (ग) उज्ज्वल

**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों में से 'रेफ़' वाला शब्द छाँटिए–**

(क) क्रम (ख) कर्म (ग) कृपा

**प्रश्न 5. दो समान व्यंजन एक साथ आने पर ............... कहलाते हैं–**

(क) संयुक्त व्यंजन (ख) द्वित्व व्यंजन (ग) दीर्घ व्यंजन

**प्रश्न 6. यह .................... की दुकान है।**

(क) दवाइयों (ख) दवाइओं (ग) दवाईयों

**प्रश्न 7. आजकल वह ........................ कार्यो में व्यस्त है।**

(क) समाजिक (ख) सामाजिक (ग) सामाजीक

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से मुहावरा छाँटिए–**

(क) माथा ठनकना (ख) कंगाली में आटा गीला

(ग) अपनी करनी पार उतरनी

**प्रश्न 9. 'कमल' का सही वर्ण विच्छेद है–**

(क) क् + अ + म् + अ + ल् + अ (ख) क + अ + म् + अ + ल् + अ

(ग) क + अ + म + अ + ल + अ

**प्रश्न 10. 'डॉक्टर' शब्द को संक्षिप्त रूप में लिखने के लिए कौन-सा विराम चिह्न सही है–**

(क) विवरण चिह्न (ख) लाघव चिह्न (ग) कोष्ठक

**प्रश्न 11. 'आह! क्या खुशबू है' में कौन-सा विराम चिह्न है–**

(क) विस्मयादिबोधक (ख) अर्ध विराम (ग) अल्प विराम

**प्रश्न 12. 'पर्वत' के लिए कौन सा विशेषण उपयुक्त है–**

(क) मुलायम (ख) विशाल (ग) सुरीला

**प्रश्न 13. 'हम प्रतिदिन विद्यालय जाते हैं।' रेखांकित शब्द क्या है–**

(क) सर्वनाम (ख) विशेषण (ग) क्रिया विशेषण

**प्रश्न 14. रिक्त स्थान में इनमें से कौन-सा शब्द आएगा–**

**शिशु - बालक, ..................... - वृद्ध**

(क) बच्चा (ख) बूढ़ा (ग) युवा

**प्रश्न 15. वर्ष का दूसरा महीना होता है–**

(क) जनवरी (ख) फरवरी (ग) मार्च

**प्रश्न 16. 'हम वस्त्र खरीदने जाएँगे।' इस वाक्य में काल है–**

(क) वर्तमान (ख) भूत (ग) भविष्य

**प्रश्न 17. '34' यह संख्या शब्दों में किस प्रकार लिखी जाती है–**

(क) चवालीस (ख) चौंतीस (ग) चौबीस

**प्रश्न 18. दूर की सोचने वाले को ........................... कहते हैं–**

(क) दूरगामी (ख) दुर्गति (ग) दूरदर्शी

**प्रश्न 19. रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द है–**

**आलसी नहीं ...................... बनो।**


(क) चालाक (ख) परेशान (ग) उद्यमी

**प्रश्न 20. चैत्र के बाद ........................ माह आता है।**

(क) ज्येष्ठ (ख) वैशाख (ग) कार्तिक

प्रतियोगी का नाम – ................................................................................ अनुक्रमांक – ....................

**प्रश्न 21. उचित शब्द छाँटकर शब्द माला को पूरा कीजिए–**




(क) दाल (ख) आटा (ग) चावल

**प्रश्न 22. होली का त्योहार .............................. मास में आता है–**

(क) माघ (ख) फाल्गुन (ग) श्रावण

**प्रश्न 23. सही शब्द चुनिए–**

(क) संदेश (ख) सम्देश (ग) सण्देश

**प्रश्न 24. चंद्रबिन्दु का सही प्रयोग किस शब्द में नहीं है–**

(क) बाँसुरी (ख) गाँव (ग) दँवाइया

**प्रश्न 25. सारा ....................... एक जगह पर रख दो।**


(क) समान (ख) सामान (ग) सम्मान

**प्रश्न 26. जीवन में कभी उत्थान होता है तो कभी .....................।**


(क) वतन (ख) पतन (ग) स्थान

**प्रश्न 27. पुष्प की पंखुड़ी ढूँढो–**

(क) न्यून (ख) नवीन (ग) नायाब




**प्रश्न 28. खाली सीढ़ी का शब्द चुनिए–**




(क) रमेश (ख) आराम (ग) रकम

**प्रश्न 29. शुद्ध वाक्य चुनिए–**

(क) तुम तुम्हारा काम करो। (ख) तुम अपना काम करो। (ग) तुम अपना काम करिए।

**प्रश्न 30. वाक्य को पूर्ण करिए–**

**अपराधी को मृत्युदण्ड ......................... ।**

(क) मिलना चाहिए (ख) मिलनी चाहिए (ग) होना चाहिए।

**प्रश्न 31. आकाश .................... बादल छाए हैं।**

(क) पे　　(ख) पर　　(ग) में

**प्रश्न 32. सौ वर्षों के समूह को ...................... कहते हैं–**

(क) वार्षिक　　(ख) सालाना　　(ग) शताब्दी

**प्रश्न 33. शत्रु-मित्र, सबल- ................**

(क) दुर्बल　　(ख) निर्बल　　(ग) दुर्गम

**प्रश्न 34. रेखांकित शब्द किस अर्थ में प्रयुक्त हुआ है–**

**बालक को माँ का <u>अंक</u> सबसे प्रिय होता है।**

(क) संख्या　　(ख) गोद　　(ग) हिस्सा

**निम्न काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर व समझकर अन्य प्रश्नों के उत्तर इसी के आधार पर दीजिए-**

बूंद-बूंद से घड़ा है भरता,
शीतल जल से तृष्णा हरता।
पेड़-पेड़ से जंगल बनता,
छाया, लकड़ी, ईंधन देता।
एक-एक फूल से सजे बगीचा,
जिसे देख हर दिल है खिलता।

अक्षर-अक्षर से ज्ञान है आता,
सही गलत का भेद बताता।
पल-पल से दिन मास हैं बनते,
जो समय गँवाते, वे हाथ हैं मलते।
जन-जन से देश समाज है बनता,
मानव है वही, जो पर पीड़ा हरता।

**प्रश्न 35. कविता में तृष्णा शब्द का प्रयोग किस अर्थ में किया गया है–**

(क) इच्छा　　(ख) चाह　　(ग) प्यास

**प्रश्न 36. जंगल हमें क्या नहीं देते–**

(क) छाया　　(ख) प्रदूषण　　(ग) प्राण वायु

**प्रश्न 37. अक्षर हमें .................... देते हैं**

(क) धन　　(ख) सम्मान　　(ग) ज्ञान

**प्रश्न 38. पर पीड़ा का अर्थ है .........................**

(क) स्वार्थ　　(ख) दूसरों का हित　　(ग) दूसरों की तकलीफ

**प्रश्न 39. कविता में प्रयुक्त मुहावरा है–**

(क) पर पीड़ा हरना　　(ख) तृष्णा हरना　　(ग) हाथ मलना

**प्रश्न 40. सही गलत का भेद जानने के लिए क्या आवश्यक है–**

(क) पेड़-पौधे　　(ख) जल　　(ग) ज्ञान